# जल जीवन मिषन के अन्तर्गत जनपद कौषाम्बी में नयी योजनाओं के निर्माण हेतु डी0पी0आर0 गठन एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिषन समिति की दिनांक– 06.06.2021 को आहूत बैठक की कार्यवृत्ति।

आज दिनांक 06.06.2021 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिलाधिकारी कौशाम्बी की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक प्रारम्भ हुयी जिसमें निम्न सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहे।

| | | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| 1 | जिलाधिकारी | उपाध्यक्ष |
| 2 | मुख्य विकास अधिकारी | सदस्य |
| 3 | जिला विकास अधिकारी | सदस्य |
| 4 | प्रभागीय वनाधिकारी | सदस्य |
| 5 | मुख्य चिकित्साधिकारी | सदस्य |
| 6 | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी | सदस्य |
| 7 | जिला कृषि अधिकारी | सदस्य |
| 8 | जिला पंचायत राज अधिकारी | सदस्य |
| 9 | जिला सूचना अधिकारी | सदस्य |
| 10 | अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई | सदस्य |
| 11 | सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई | नोडल विभाग |
| 12 | अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम | कार्यदायी संस्था |
| 13 | श्री टी0के0 गिरी, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0 एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0 (जे0वी0) 06 तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हायात होटल के सामने सान्ताक्रूज (ईस्ट) मुम्बई। | |

सर्वप्रथम अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा पूर्व की बैठक का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया गया, जिसका समिति ने सर्वसम्मिति से अनुमोदन किया।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष डी0डब्ल्यू0एस0एम0, कौशाम्बी की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। सर्वप्रथम बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में पूर्व से संचालित पाइप पेयजल योजना के क्रियान्वयन के सन्दर्भ में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम से जानकारी चाही। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा यह अवगत कराया गया है कि जनपद कौशाम्बी में 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओ में से 09 पेयजल योजनाएँ संचालित की जा रही है। 01 पेयजल योजना कौसम खिराज ग्राम समूह ट्यूबवेल फेल होने के कारण बन्द है। उक्त समस्त 10 नग पेयजल योजनाओं के पुर्नगठन हेतु मेसर्स जे0एम0सी0, इण्डिया प्रा0लि0 को कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है। फर्म द्वारा सर्वे का कार्य किया जा रहा है। सर्वे कार्य की प्रगति संतोषजनक न होने के कारण जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुये फर्म को शीघ्रातिशीघ्र डी0पी0आर0 प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा रेट्रोफीटिंग योजनाओं के सन्दर्भ में यह अवगत कराया गया है कि जनपद में वित्तीय वर्ष 2021–22 में कुल 11495 नग FHTC प्रदान किये जाने का लक्ष्य है, जिसके सापेक्ष अवतक 1154 नग FHTC प्रदान किये गये है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम को चेतवानी देते हुये निर्देशित किया गया कि शीघ्रातिशीघ्र शत्–प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति करना सुनिश्चित करे।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने अवगत कराया कि प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–1197/छिहत्तर–01–2021–25 श्रम/2019 नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 लखनऊ दिनांक 21.05.2021 द्वारा भारत सरकार की गाइड लाइन्स के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने हेतु दिनांक 08.06.2021 को राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की बैठक निर्धारित की गयी है। जनपद कौशाम्बी मे मे0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0 एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0 (जे0वी0) 06 तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हायात होटल के सामने सान्ताक्रूज (ईस्ट) मुम्बई को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया है, जिसके अनुसार उक्त फर्म को 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजना के पुर्नगठन, 02 नग एकल ग्राम पेयजल योजना के पुर्नगठन व 04 नग गुणवत्ता प्रभावित राजस्व ग्रामों में कार्य करना था। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक दिनांक 09.02.2021 द्वारा फर्म को अनुसूचित जाति बाहुल्य 10 नग राजस्व ग्रामों को भी फर्म को जारी कार्यादेश में सम्मिलित करा दिया गया, जिसके फलस्वरूप

फर्म को जनपद कौशाम्बी में कुल 121 राजस्व ग्रामों में कार्य करना है, उक्त के सापेक्ष 12 राजस्व ग्रामों हेतु 12 नग प्राक्कलन की स्वीकृति/संस्तुति हेतु अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, कौशाम्बी को उपलब्ध कराया गया, प्राप्त प्राक्कलनों की तकनीकी समीक्षा वांछित स्तर से प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

प्राक्कलनों की समीक्षा में पाया गया है कि 5 नग डी0पी0आर0 की प्रति व्यक्ति लागत रू0 6000.00 से कम है एवं 7 नग डी0पी0आर0 की प्रति व्यक्ति लागत रू0 6000.00 से अधिक है। जिलाधिकारी/अध्यक्ष द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायतवार बने डी0पी0आर0 में कोई राजस्व ग्राम एवं उसके पुरवें छूटने नहीं चाहिए। विशेष परिस्थितियों में यदि कोई राजस्व ग्राम छूटता है तो उसको पाइप पेयजल से आच्छादित करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। बस्तियों एवं पुरवों के नाम इंडेक्स मैप में स्पष्ट रूप से अंकित किया जाय। जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा रू0 2.00 करोड़ से कम लागत की कुल 07 ग्राम पंचायत जो निम्नवत् है को अनुमोदित किया गया।

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | डिजाइन वर्ष की जनसंख्या | अनुमानित कार्य की लागत (रू0 लाख में) | प्रति व्यक्ति लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नेवादा | कमालपुर बरेठी | कमालपुर बरेठी | 501 | 138.19 | 27583 |
| 2 | सिराथू | अलावलपुर संजेठी | अलावलपुर संजेठी | 2687 | 147.00 | 5471 |
| 3 | कौशाम्बी | बल्लोपुर | घमसिरा बल्लोपुर | 1116 | 142.80 | 12796 |
| 4. | कौशाम्बी | इटैला | इटैला | 2398 | 171.98 | 7172 |
| 5. | सरसवॉ | गौरा ताफारीक | गौरा ताफारीक | 2714 | 185.86 | 6848 |
| 6. | मंझनपुर | सैदनपुर | सैदनपुर | 3774 | 195.91 | 5191 |
| 7. | सिराथू | बिदनपुर आमद करारी | बिदनपुर | 1876 | 188.28 | 10036 |

डी0पी0आर0 जिनकी लागत रू0 2.00 करोड़ से अधिक है, को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति को जिलाधिकारी/अध्यक्ष डी0डब्ल्यू0एस0एम0 कौशाम्बी द्वारा अनुमोदन हेतु संस्तुति सहित अग्रसारित किये जाने हेतु सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, कौशाम्बी को निर्देशित किया गया। रू0 2.00 करोड़ से अधिक लागत के 05 नग ग्राम पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 का विवरण निम्नवत् है –

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | डिजाइन वर्ष की जनसंख्या | अनुमानित कार्य की लागत (रू0 लाख में) | प्रति व्यक्ति लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नेवादा | रसूलपुर टप्पा | रसूलपुर टप्पा | 4239 | 240.34 | 5670 |
| 2 | सिराथू | मानपुर गौरा | मानपुर गौरा | 2589 | 202.81 | 7834 |
| 3 | सिराथू | रामपुर धमावां | रामपुर धमावां | 12054 | 489.25 | 4059 |
| 4 | चायल | कठरा | कठरा | 3489 | 209.25 | 5997 |
| 5 | मंझनपुर | धनपरा | धनपरा | 2670 | 230.60 | 8637 |

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृति एवं अग्रसारित कुल 12 नग डी0पी0आर0 एस0एल0एस0एस0सी0 की प्रस्तावित बैठक दिनांक– 08.06.2021 में प्रस्तुत करने हेतु सदस्य सचिव को निर्देशित किया गया।

संलग्नक– एस0एल0एस0एस0सी0 की बैठक हेतु प्रपत्र।

अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम,
कौशाम्बी ।

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
कौशाम्बी ।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
कौशाम्बी ।